**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# त्रिस्तरीय पंचायतों को 143 करोड़ 50 लाख की धनराशि अवमुक्त

**15 वें वित्त आयोग**

## त्रिस्तरीय पंचायतों को प्राथमिक अनुदान के अंतर्गत धनराशि अवमुक्त करने का शासनादेश जारी

■ वित्त सचिव अमित सिंह नेगी द्वारा जारी किया गया शासनादेश

**संवाददाता**

देहरादून। 15 वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के क्रम में प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायतों को प्राथमिक अनुदान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 की प्रथम किस्त में 143. 50 करोड़ रूपए की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। गुरूवार को सचिव वित्त अमित सिंह नेगी द्वारा इसका शासनादेश जारी किया गया है। इसमें राज्य के समस्त जिला पंचायतों को 21 करोड़ 52 लाख 50 हजार रूपए, क्षेत्र पंचायतों को 14 करोड़ 35 लाख रूपए, समस्त ग्राम पंचायतों को 107 करोड़ 62 लाख 50 हजार रूपए की धनराशि अवमुक्त की गई है।

इससे पूर्व चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों पर राज्य सरकार द्वारा सभी जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत को वित्तीय वर्ष 2020–21 की मासिक किस्तों की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। इसके तहत राज्य की समस्त जिला पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2020–21 की तृतीय व चतुर्थ मासिक किस्त (माह–जून व जुलाई) के लिए 28 करोड़ 43 लाख 22 हजार रूपए की धनराशि अवुमक्त की गई है। राज्य की समस्त क्षेत्र पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2020–21 की चतुर्थ मासिक किस्त (माह– जुलाई) के लिए 07 करोड़ 23 लाख 78 हजार रूपए की धनराशि अवुमक्त की गई है। राज्य की समस्त ग्राम पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2020–21 की चतुर्थ मासिक किस्त (माह– जुलाई) के लिए 09 करोड़ 65 लाख 12 हजार रूपए की धनराशि अवुमक्त की गई है।



**धनराशि अवमुक्त**

चतुर्थ राज्य वित्त आयोग से भी सभी जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत को वित्तीय वर्ष 2020–21 की मासिक किस्त की 95 करोड़ से अधिक की धनराशि अवमुक्त की गई है।

राज्य की समस्त नगर निगमों को वित्तीय वर्ष 2020–21 की चतुर्थ मासिक किस्त (माह– जुलाई) के लिए 22 करोड़ 10 लाख 97 हजार रूपए की धनराशि अवुमक्त की गई है। राज्य की समस्त नगर पालिकाओं को वित्तीय वर्ष 2020–21 की चतुर्थ मासिक किस्त (माह– जुलाई) के लिए 22 करोड़ 11 लाख 99 हजार रूपए की धनराशि अवुमक्त की गई है। राज्य की समस्त नगर पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2020–21 की चतुर्थ मासिक किस्त (माह– जुलाई) के लिए 05 करोड़ 35 लाख 17 हजार रूपए की धनराशि अवुमक्त की गई है। राज्य के तीन गैर निर्वाचित निकायों को वित्तीय वर्ष 2020–21 की चतुर्थ मासिक किस्त (माह– जुलाई) के लिए 17 लाख 17 हजार रूपए की धनराशि अवुमक्त की गई है।

## न्यूज डायरी

### बार एसो. के पूर्व सचिव अनिल गांधी के निधन पर दुःख जताया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड राज्य चिह्नित आंदोलनकारी समिति के जिला महामंत्री चिन्तन सकलानी ने वरिष्ठ अधिवक्ता व बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव अनिल गांधी के निधन पर दुःख जताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अनिल गांधी एक सच्चे ईमानदार और समाजसेवी व्यक्तियों में से एक थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाजसेवा में अर्पण कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य की लड़ाई में शहीद हुए आंदोलनाकरियों के प्रति सच्ची भावना रखते थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने एक और सच्चे ईमानदार समाजवेसी को खो दिया है। उन्होंने कहा कि अनिल गांधी के नाम पर डीएवी कालेज का नाम रखा जाये यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### समीर मालिक दे रहे लोकल टैलेंट को बढ़ावा

**संवाददाता** देहरादून। आजकल रीमेक का जमाना है, इसी रीमेक के क्रम में समीर मलिक के द्वारा एक गाने को प्रस्तुत किया गया है। यह गाना लव आज कल फिल्म के गाने शायद का रीमेक है। जिसमें रोल किया है, अरमान सिंह ,बिपाशा , स्नेहा , कशिका , पीयूष । इस गाने को लव ट्रायंगल पर फोकस किया गया है।जिसके लेखक है निशू। इसमें दर्शाया गया हे की प्यार चेहरा देख कर नहीं अच्छाई देख कर होता है, और अंत मे जीत अच्छाई की होती है। समीर मलिक पहले भी 2 गाने बना चुके है सभी गानो की शूटिंग देहरादून मे ही करी गयी है। समीर मलिक उभरते कलाकारों को मौका दे रहे हे जिससे उनका हुनर बाहर आ सके।

### अमेजन इंडिया ने दून में पार्ट–टाइम काम के हजारों अवसर निर्मित किये

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन इंडिया ने आज देश के 35 से ज्यादा शहरों में अमेजन फ्लेक्स डिलीवरी प्रोग्राम के विस्तार की घोषणा की है। देहरादून इस प्रोग्राम से लाभ पाने वाले भारत के शहरों में से एक है। इस वैश्विक डिलीवरी प्रोग्राम को जून 2019 में लॉन्च किया गया था और इसका लक्ष्य पार्ट टाइम काम के अवसर निर्मित करना था, जहाँ लोग खुद के बॉस बनें, खुद का शेड्यूल बनायें और अमेजन के ग्राहकों को पैकेजेस की डिलीवरी कर प्रति घंटा 120 से 140 रुपये कमायें। जून 2019 में यह प्रोग्राम 3 शहरों तक सीमित था, जो जून 2020 में 35 शहरों तक पहुँच गया। इस विस्तार ने मेट्रो शहरों और नॉन–मेट्रो शहरों, जैसे इंदौर, हुबली, ग्वालियर, नासिक, आदि में लोगों के लिये पार्ट–टाइम काम के हजारों अवसर निर्मित किये हैं।

## पुरोला में पूर्व छात्र संगठन ने शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** पुरोला। बीते सोमवार को लद्दाख की गलवान घाटी में शहीद भारतीय सैनिकों को गुरूवार को बीएल जुंवाठा महा विधालय पूर्व छात्र संगठन व क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही लोगों से चाइना के सामान का बहिष्कार की अपील की। गुरूवार को राजकीय महा विधालय पूर्व छात्र संगठन के दर्जनों छात्रों,पदाधिकारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं समेत तहसील कर्मचारियों ने तहसील परिसर में स्मारक स्थल पर शहीद सैनिकों के चित्रों पर माल्य व फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी साथ ही चीन पर कायराना हरकत का आरोप लगा कर केंद्र सरकार से शहिदों की शहादत का बदला लेने की मांग कर देश व क्षेत्र वासियों से चाईना में निर्मित सामान का बहिष्कार करनें की अपील की। श्रद्धांजलि देने वालों में तहसीलदार चदनंसिंह राणा,राजस्व निरीक्षक उपेंद्र राणा,बृजमोहन सिंह,छात्र संघ नेता प्रदीप रावत चंद्रकांता रावत, शुभम,सुरेंद्र अमीत समेत सरतराम नौटियाल आदि शामिल थे।



## समारोह के आयोजन में अधिकतम 50 व्यक्तियों को किया जा सकेगा सम्मिलित

**संवाददाता**

■दिशा–निर्देशों में आंशिक संशोधन

रूद्रपुर। कोविड–19 के संक्रमण को रोकने हेतु भारत सरकार द्वारा जारी होटल, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल, धार्मिक स्थल को खोलने हेतु दिशा–निर्देशों के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा उपरोक्त के अतिरिक्त बैंक्ट हॉल, कम्यूनिटी हॉल, शादी समारोह को सम्मिलित कर दिशा–निर्देशों में आंशिक संशोधन किये गये हैं।

जानकारी देते हुए जिलाधिकारी डा. नीरज खैरवाल ने बताया 12 जून 2020 के आदेशों को अतिक्रमित करते हुए भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा नये आदेश जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया किसी व्यक्तिगत/पारिवारिक समारोह के आयोजन में अधिकतम 50 व्यक्तियों को सम्मिलित किया जा सकेगा, परन्तु जिस स्थान पर आयोजन प्रस्तावित है उस स्थान में दो गज की दूरी के सिद्धान्त के अनुपालन हेतु उपलब्ध स्थान के आधार पर ही कार्यक्रम में सम्मिलत होने वाले व्यक्तियों की संख्या को कम किया जा सकता है। पूर्ववर्ती आदेशों में शिथिलता प्रदान करते हुए रात्रि 07 बजे के बाद भी कार्यक्रम की अनुमति दी जा सकती है, कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले अतिथियों की सूची अनुमति के आवेदन के साथ संलग्न की जायेगी और सूची सम्बन्धित उप जिलाधिकारी द्वारा प्रमाणित कर अनुमति की मांग होगी और वही सूची 07 बजे के बाद कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु पास/अनुमति के रूप मे प्रयुक्त की जा सकती है।

उन्होंने बताया पूर्ववर्ती आदेशों में शिथिलता प्रदान करते हुए विवाह समारोह मे कोविड–19 से संक्रमित शहर से आने वाले वर–वधु व उनके रिश्तेदारों को जिनमें कोविड–19 के लक्षण न हो, समारोह में शामिल होने की अनुमति दी गई है तथा अन्य शहरों से आने वाले वर–वधु व उनके रिश्तेदारों को जिनमें कोविड–19 के कोई लक्षण न हो 07 दिन की बुंकिग की अनिवार्यता से शिथिलता रहेगी।

## आज सादगी से मनाया जाएगा राहुल गांधी का जन्मदिन

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि भारत चीन सीमा पर तनाव व भारतीय सैनिकों की शहादत व वैश्विक महामारी कोरोना के कारण इस वर्ष कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिवस 19 जून (शुक्रवार) को कांग्रेस जन बेहद सादगी से मनाएंगे। यहां जारी एक बयान में यह जानकारी देते हुए उत्तरखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने बताया कि 19 जून को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजपुर रोड पर प्रातः साढ़े दस बजे प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह पीसीसी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि तत्पश्चात साढ़े बारह बजे आमवाला रायपुर रोड में दिव्यांगों को व डेढ़ बजे किद्दुवाला में जरूरतमंद लोगों राशन वितरण करेंगे। धस्माना ने बताया कि अपराह्न कैंट विधानसभा क्षेत्र के कालिंदी एनक्लेव में व साढ़े चार बजे मसूरी विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह राशन किट वितरित करेंगे।